ESTD. 1965
ऑटोमोटिव पार्ट्स मर्चेन्ट्स एसोसिएशन (रजि.)
AUTOMOTIVE PARTS MERCHANTS ASSOCIATION(Regd)
(Regd No. S/2999 of 1966-67)
FLAT NO. 10, IST FLOOR, VARDAN HOUSE, CHABI GANJ, KASHMERE GATE, DELHI-110006
Ph : 23967505, 23948000 E-mail : apma1965@yahoo.in Website : www.apma.biz

| R.K. GUPTA | VISHNU BHARGAVA | VINAY NARANG |
|---|---|---|
| PRESIDENT | Hony. General Secretary | Hony. Treasurer |
| Mobile : 9891008503 | Mobile : 9811139614 | Mobile : 9810193816 |

सरकूलर नं0 अपमा/2016–2018/35 दिनांक : 03–02–2017

## ''वस्तु एवं सेवा कर(जीएसटी) के सन्दर्भ में बैठक का आयोजन''

आप सभी व्यापारी भाईयों को सूचित किया जाता है कि कन्फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के चैयरमैन एवं अपमा के पूर्व प्रधान श्री नरेन्द्र मदान जी की अध्यक्षता में ''जीएसटी'' के सन्दर्भ में बृहस्पतिवार दिनांक 2–2–2017 को सायं 4.00 बजे कंस्टीट्यूशन क्लब, रफी मार्ग, नई दिल्ली में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में दिल्ली के प्रमुख व्यापार जगत के नेताओं, कन्फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी. भरतिया जी और जीएसटी के प्रख्यात विशेषज्ञों ने भी भाग लिया। अपमा की तरफ से प्रधान श्री आर.के. गुप्ता जी, निवर्तमान प्रधान श्री रामदास कुकरेजा जी, महासचिव श्री विष्णु भार्गव जी, सचिव श्री उमेश सेठ जी, कोषाध्यक्ष श्री विनय नारंग जी, 'कर' उपसमिति के चैयरमैन श्री इन्द्रजीत सिंह जी एवं 'कर' उपसमिति के कन्वीनर श्री सुभाष चन्दर बजाज जी ने भाग लिया।

बैठक में जीएसटी विशेषज्ञों ने बताया कि 1 जुलाई 2017 से देश में जीएसटी लागू किया जा रहा है, जीएसटी एक प्रोद्योगिकी आधारित कराधान प्रणाली है जोकि मौजूदा वैट कर व्यवस्था से बहुत अलग है एवं विशेषज्ञों ने जीएसटी के प्रावधानों के बारे में विस्तारपर्वूक जानकारी दी एवं बताया कैसे प्रोद्योगिकी जीएसटी के तहत काम करेंगें। इसके बाद कन्फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के चैयरमैन एवं अपमा के पूर्व प्रधान श्री नरेन्द्र मदान जी ने बताया कि जीएसटी के विषय में पहले भी कई बैठकों का आयोजन किया गया है एवं आगे भी जीएसटी के विषय पर चर्चा की जाऐगी।

साथियों, आपकी संस्था 'अपमा' वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) के विषय पर चर्चा करने हेतु जीएसटी के विशेषज्ञों को आमंत्रित करेगी, जिसकी सूचना सभी सदस्यों को सरकूलर के माध्यम से दी जाऐगी ताकि व्यापारी भाई वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त कर सकें।

( विष्णु भार्गव )
महासचिव